IDBI BANK

अभय कार्ड नियंत्रण एप्प

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)

प्रश्न 1. अभय एप्लिकेशन क्या है?

➔ अभय, जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है , एंड्रोयड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध एक सुरक्षित मोबाइल एप्लिकेशन है जिसे आईडीबीआई बैंक ग्राहकों के लिए आकर्षक रूप में डिज़ाइन किया गया है ताकि डेबिट कार्ड रखने के भय को दूर किया जा सके और कोई भी अपने स्मार्टफोन का प्रयोग कर आसानी से अपने कार्ड (ओं) को तुरंत नियंत्रित कर सके.

प्रश्न 2. अभय एप्लिकेशन में किस प्रकार के नियंत्रण उपलब्ध हैं?

➔ अभय एप्लिकेशन में निम्नलिखित नियंत्रण उपलब्ध हैं:

- कार्ड ऑन/ऑफ (अस्थायी रूप में सक्रिय/ निष्क्रिय) करें
- एटीएम और पीओएस के लिए रुपये में दैनिक लेन-देन सीमा निर्धारित करें.
- एटीएम या पीओएस जैसे विशेष चैनलों पर लेन-देन सक्रिय/ निष्क्रिय करें.
- कार्ड से संबद्ध खाते के पिछले 5 लेन-देन देखें
- एप्प का पिन बदलें (डेबिट कार्ड का पिन नहीं)

प्रश्न 3. क्या एप्लिकेशन डाउनलोड तथा उपयोग करने के लिए मोबाइल इंटरनेट जरूरी है?

➔ हां, अभय एप्लिकेशन डाउनलोड करने के लिए आपके मोबाइल फोन में आपके टेलीकॉम परिचालक के माध्यम से मोबाइल इंटरनेट / जीपीआरएस डेटा प्लान का होना जरूरी है.

प्रश्न 4. किस प्रकार के फोन अभय एप्लिकेशन को सपोर्ट करते हैं?

➔ वर्तमान में अभय एप्लिकेशन केवल 4.1 अथवा उससे ऊपर के एंड्रोयड वर्शन वाले एंड्रोयड फोन के लिए उपलब्ध है.

प्रश्न 5. अभय एप्लिकेशन के लिए साइन अप कैसे किया जाता है?

➔ आपके मोबाइल फोन पर अभय एप्लिकेशन के सफलतापूर्वक इंस्टॉल हो जाने के बाद आपको एक एकबारगी पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी. एकबारगी पासवर्ड (ओटीपी) जेनेरेट करने के लिए अपने कंप्यूटर आईडी और आईडीबीआई बैंक के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबर का प्रयोग करें. अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी डालें और उसकी पुष्टि करें. ओटीपी की पुष्टि एक बार हो जाने के बाद एप्लिकेशन आपसे आग्रह करेगा कि अपने पसंद का कोई भी सुरक्षित चार अंकों वाला पिन निर्धारित करें . अपना पिन चुने और पंजीकरण के लिए पुनः उसी पिन की प्रविष्टि करें.

प्रश्न 6. मैं अभय कार्ड का प्रयोग कैसे कर सकता हूं?

➔ एप्लिकेशन में लॉगिन करने पर ग्राहक को जारी किया गया डेबिट कार्ड दिखाई देगा . ग्राहक को कार्ड ऑन /ऑफ करने , दैनिक लेन- देन सीमा निर्धारित करने , एटीएम/पीओएस जैसे विशेष चैनलों पर लेन-देन सक्रिय/निष्क्रिय करने, कार्ड से संबद्ध खाते के पिछले 5 लेन-देन देखने के विकल्प दिए जाएंगे.

प्रश्न 7. क्या मैं विदेश यात्रा के दौरान अभय का प्रयोग कर सकता हूँ?

➔ हां, आप अभय का प्रयोग विश्व में कहीं भी कर सकते हैं . इसके लिए केवल आपके मोबाइल फोन पर सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन होना जरूरी है.

प्रश्न 8. मैं अभय के प्रयोग द्वारा अपने डेबिट कार्ड/ पीओएस और ई-कॉमर्स को कैसे सेट कर सकता हूं?

➔ एटीएम/ पीओएस और ई-कॉमर्स की अलग-अलग सीमाएं निर्धारित करने का विकल्प आपके होम स्क्रीन पर उपलब्ध है. आपको पंजीकरण के समय स्वयं द्वारा सृजित पिन का प्रयोग कर प्रक्रिया को प्रमाणित करना होगा.

प्रश्न 9. मैं अभय के प्रयोग द्वारा अपने डेबिट कार्ड को लॉक/अनलॉक कैसे कर सकता हूं?

➔ अपने डेबिट कार्ड को लॉक/ अनलॉक करने का विकल्प आपके होम स्क्रीन पर उपलब्ध है. आपको पंजीकरण के समय स्वयं द्वारा सृजित पिन का प्रयोग कर प्रक्रिया को प्रमाणित करना होगा.

प्रश्न 10. मैं अपना अभय पिन (वैयक्तिक पहचान संख्या) भूल गया हूं. मुझे क्या करना चाहिए?

➔ कृपया नया पिन निर्धारित करने के लिए पिन बदले विकल्प का प्रयोग करें.

प्रश्न 11. अभय के प्रयोग द्वारा अपना डेबिट कार्ड लॉक करने के बाद यदि मेरा मोबाइल डिवाइस खो जाता है तो क्या होगा?

➔ आप अपने नए एंड्रोयड डिवाइस पर प्ले स्टोर से अभय एप्लिकेशन डाउनलोड कर वर्तमान क्रेडेंशियल्स का प्रयोग कर लॉगिन कर सकते हैं. यदि आपको लॉगिन करने में कोई कठिनाई होती है तो आप स्वयं को दोबारा पंजीकृत करने के लिए रि- रजिस्टर विकल्प का चयन कर सकते हैं.